PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Hindustan, Delhi
Sat, 10 Jun 2017, Page 21
Width: 51.56 cms, Height: 23.62 cms, a3r, Ref: 40.2017-06-10.187

प्रधानमंत्री ने चीन की वन बेल्ट वन रोड परियोजना पर भारत की आपत्तियों को सामने रखा, एससीओ देशों के बीच संपर्क बढ़ाने पर जोर दिया

भारत की संप्रभुता का ख्याल रखे चीन : मोदी

शंघाई सहयोग संगठन

अस्ताना | एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक में चीन की वन बेल्ट वन रोड परियोजना में भारत के शामिल न होने पर अपना पक्ष रखा। मोदी ने कहा कि संपर्क बढ़ाने के किसी भी अभियान में हमारी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का ध्यान रखना होगा।

भारत ने पीओके से गुजरने वाले आर्थिक गलियारे पर आपत्ति जताते हुए इस परियोजना का बहिष्कार किया था, जिस पर चीन बौखला गया था। यह गलियारा पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में गिलगित और बाल्टिस्तान से होकर गुजरता है। प्रधानमंत्री के इस बयान को तिब्बती धार्मिक गुरु दलाई लामा की अरुणाचल यात्रा पर चीन के ऐतराज का भी जवाब माना जा रहा है। चीन अरुणाचल के तवांग इलाके को अपना दावा ठोकता रहा है। मोदी ने कहा कि व्यापार और निवेश के लिए संपर्क बढ़ाना जरूरी है, लेकिन किसी देश की संप्रभुता की कीमत पर नहीं। उन्होंने एससीओ देशों के बीच संपर्क बढ़ाने पर जोर दिया।

इससे पहले कजाकिस्तान की राजधानी अस्ताना में एससीओ के सम्मेलन में भारत को स्थायी सदस्य के तौर शामिल किया गया। सम्मेलन में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग, पाक प्रधानमंत्री नवाज शरीफ, रूसी राष्ट्रपति व्लादीमीर पुतिन के अलावा कई मध्य एशियाई देशों के प्रमुख शामिल हुए।

चीन के राष्ट्रपति ने 'दंगल' देखी और पसंद आई

चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बताया कि उन्होंने आमिर खान अभिनीत फिल्म दंगल देखी और उन्हें यह पसंद आई। चीन में पांच मई को दंगल रिलीज हुई थी। उसने चीनी फिल्म उद्योग के सारे रिकॉर्ड तोड़ते हुए 1100 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई की। चीन में 7000 सिनेमाघरों में यह फिल्म अब भी चल रही है। दंगल चीन में सर्वाधिक कमाई वाली पहली गैरहॉलीवुड फिल्म बन गई है। सम्मेलन में शरीक हुए नेताओं ने बॉलीवुड के पुराने फिल्मी गानों आवारा हूं और मेरा जूता है जापानी का जमकर लुत्फ उठाया। एससीओ शिखर सम्मेलन के आयोजन स्थल पैलेस ऑफ इंडीपेंडेंस में दोपहर भोज के दौरान ये दोनों गाने बजाए गए।

कजाकिस्तान में शुक्रवार को एससीओ की बैठक के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग। ● प्रेट्र

विवादों का उचित तरीके से निपटारा हो : मोदी

प्रधानमंत्री ने एससीओ सम्मेलन से इतरह चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की। जिनपिंग से भेंट में मोदी ने कहा कि दोनों देशों को एक-दूसरे के मूल हितों का सम्मान करते हुए विवादों का उचित तरीके से निपटारा करना चाहिए। प्रधानमंत्री ने जोर दिया कि दोनों देश अंतरराष्ट्रीय मामलों में संपर्क-संवाद मजबूत करें। उन्होंने एससीओ में भारत की सदस्यता के लिए चीन का शुक्रिया अदा किया। जिनपिंग से भेंट के बाद मोदी ने ट्वीट किया कि हमने भारत और चीन के संबंधों पर तथा इन्हें सुधारने पर चर्चा की।